Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

प्रेस नोट

''मेरी नदी किलकिला की सफाई, पन्ना 2014 / *Clean My River Kilkila, Panna 2014*''

पन्ना की जीवन रेखा किलकिला नदी की सफाई के लिये बच्चों ने छेडी एक मुहिम

दिनांक 02.03.2014 को पन्ना के बच्चों ने केन्द्रीय विद्यालय पन्ना, फ्रेण्ड्स आफ पन्ना, जिला प्रशासन पन्ना एवं एन.एम.डी.सी. पन्ना के संयुक्त तत्वावधान में **''मेरी नदी किलकिला की सफाई, पन्ना 2014 / Clean My River Kilkila, Panna 2014** के अभियान के तहत एक नई पहल शुरू की है। इस कार्यक्रम के तहत पन्ना केन्द्रीय विद्यालय के लगभग 80 बच्चे एवं फ्रेण्ड्स आफ पन्ना, वन विभाग पन्ना के लगभग 30 अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा किलकिला नदी की यात्रा केन्द्रीय विद्यालय से प्रारम्भ हुई। किलकिला नदी के उद्गम से लेकर कौआ सेहा के किलकिला नदी तक उनकी यात्रा बनी। इस यात्रा के दौरान वे निरपत सागर जहां से पन्ना को 60 प्रतिशत पेय जल की आपूर्ति होती है, वहां उसका अवलोकन किया गया। जहां से देखते–देखते नदी के एक गंदे नाले के रूप में पुराने पन्ना के पास तब्दील हो गई। कौआ सेहा से भरकुण्डा की ओर देखा कि प्लास्टिक के कचरे से नदी जगह–जगह भरी हुई थी। निरपत सागर से लेकर भरकुण्डा तक की यात्रा में बच्चों ने अपने पन्ना की जीवन दायिनी नदी को स्वयं कैसे गंदी बनाते है। इसको अपने स्तर से समझने का एक सफल प्रयास किया गया। आखिर में भरकुण्डा क्षेत्र में इनके द्वारा अलग–अलग समूहों में बट कर लगभग 300 मीटर की लम्बाई में एक सांकेतिक नामूनात्मक सफाई को प्रारम्भ किया गया।

इस यात्रा के दौरान पारिस्थितिकी सेवाओं, जिसमें बच्चों एवं नागरिकों को अपनी प्रकृति को कम प्रदर्शित करने से सफाई करने के एक सबक के बारे में मौके पर उपस्थित रिसोर्स परसन के द्वारा उनको समझाइश दी गई।

महज 45 मिनट की अवधि में सभी बच्चों ने मिल कर लगभग एक क्विं0 से अधिक प्लास्टिक का कचरा मौके से उठा कर नदी को साफ करने के अभियान का शुभारम्भ करते हुए एक अच्छी पहल की।

सभी बच्चों के द्वारा संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी वे इस प्रकार के कार्यक्रमों को मूर्त रूप देंगे। कार्यक्रम में मौके पर श्रीमती सोमा घोष, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय पन्ना एवं उनकी टीम, क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व एवं उनकी टीम, कलेक्टर सतना श्री मोहन लाल मीणा, नगर के गणमान्य व्यक्ति, श्री राजेश दीक्षित, संजय तिवारी आदि मौके पर थे। पूरे कार्यक्रम में बच्चों को किसी प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धी असुविधा न हो,

इसका सम्पूर्ण ध्यान आयोजकों के द्वारा रखा गया। इस प्रकार के कार्यक्रम पन्ना के इर खास एवं आम को पहल करते हुए अपने पर्यावरण एवं अपनी प्रकृति को साफ–सुथरा एवं साफ–सफाई रखने की आवश्यकता की ओर यह कार्यक्रम एक रास्ता तय करेगा, ऐसी आंकांक्षा है। इस सम्बन्ध में बनाया गया पोस्टर संलग्न है।

''जय हिन्द''

दिनांक –07.05.2014

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना